an>

title: Need to shut down waste dumping ground at Deonar in South Central Mumbai Parliamentary Constituency.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) ः मेरे संसदीय क्षेत्र में देवनार इलाके में बहुत बड़ा डम्पिंग ग्राउण्ड है जहां मुम्बई का कचरा डम्प होता है। प्रतिदिन इस कचरे में आग लगने से जहरीला धुँआ देवनार और मुलुन्ड क्षेत्र में फैलता है जिससे यहां रहने वाले हज़ारों-लाखों निवासी लंग कैंसर, अस्थमा और सांस की अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। इस डम्पिंग ग्राउण्ड को यहां से स्थानांतरित करने के लिए व्यापक पत्र व्यवहार और मीटिंग्स हुई परंतु मुम्बई के स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। देवनार के इस डम्पिंग ग्राउण्ड जो लगभग 132 हैक्टेयर में फैला हुआ है, को वैज्ञानिक तरीके से समाप्त करके इस क्षेत्र को हरा-भरा बनाने की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि इस गंभीर विषय पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आदेश पारित करके ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा इस क्षेत्र को हरित क्षेत्र घोषित करके महाराष्ट्र सरकार को प्रेषित करना चाहिए।

इस डम्पिंग ग्राउण्ड में मुम्बई म्यूनिसिपल कारपारेशन द्वारा सिर्फ 32 कर्मचारियों को कचरा डालने से रोकने के लिए तैनात किया गया है। कचरे से प्लास्टिक व अन्य उपयोगी सामान खोजने वाले सैंकड़ों महिलाएं, पुरूष और बच्चे यहां प्रतिदिन आते हैं और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं जिनका असर आम नागरिकों पर भी पड़ता है। यहां पर लॉ एण्ड ऑर्डर की कोई परवाह नहीं करता है। कुछ ठेकेदारों का ग्रुप इस कचरे से अवैध तरीके से पैसा बटोर रहे हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में फैले इस कचरे से होने वाली हानियों-बीमारियों से यहां के निवासियों को बचाने के लिए उपाय करना अति आवश्यक है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि एक केंद्रीय टीम का गठन करके उसके द्वारा देवनार डम्पिंग क्षेत्र का दौरा किया जाए, साथ ही माननीय गृह मंत्री से मेरी मांग है कि देवनार डम्पिंग क्षेत्र में पैरा मिलिटरी फोर्स की नियुक्ति करके यहां पर डम्पिंग को बंद किया जाए और अवैध तरीके से कचरा खनन के कार्य को भी रोका जाए।